# Hindi Murli Quiz 02-01-2015

**ये क्विज आज की मुरली पर आधारित है| मुरली सुनने के लिए यहाँ क्लिक करें| पुरानी क्विज  के लिए यहाँ क्लिक करें |**

**Q.1)** **जो भी दृश्य चल रहा है उसे त्रिकालदर्शी बनकर देखो, हिम्मत और हुल्लास में रह स्वयं भी समर्थ आत्मा बनो और विश्व को भी समर्थ बनाओ । स्वयं के तूफानो में हिलो मत, अचल बनो । जो समय मिला है, साथ मिला है, अनेक प्रकार के खजाने मिल रहे हैं उनसे सम्पत्तिवान और समर्थीवान बनो । सारे कल्प मे ऐसे दिन फिर आने वाले नहीं हैं इसलिए अपनी सब चिंताएं बाप को देकर निश्चयबुद्धि बन सदा निश्चिन्त रहो| कल्याणकारी बाप और समय का हर सेकण्ड लाभ उठाओ ।**

**A.** True
**B.** False

**Q.2)** **इस वाक्य को पूरा करें | सभी उत्तर कुछ न कुछ ठीक हो सकते हैं परन्तु आज की मुरली के अनुसार सबसे सटीक एक उत्तर ही चुनें |**
**बच्चे स्वर्ग के लायक बनें । सर्वगुण सम्पन्न, 16 कला सम्पूर्ण बनाने की मेहनत ____ करते हैं ।**

**A.** सर्वशक्तिवान बाप
**B.** बापदादा दोनों
**C.** निराकारी बाप
**D.** बाप , टीचर, सतगुरु तीनों

**Q.3)** **केवल नंबर लिखें -(जैसे अगर सही उत्तर पाँच है तो लिखें - 5)**
**__ जन्म तुम बाप को याद करते आये हो ।**

- 63
- ६३

**Q.4)** **आज की धारणा के लिए मुख्य सार चुनें - (उत्तर एक या एक से अधिक भी हो सकते हैं )**

**A.** अन्तिम खूने नाहेक सीन देखने के लिए बहुत-बहुत निर्भय, शिव शक्ति बनना है ।
**B.** सर्वशक्तिमान् बाप की याद से शक्ति नहीं लेनी है ।
**C.** पावन बनकर, पावन बनाने की रूहानी सच्ची सेवा करनी है |
**D.** डबल अहिसक बनना है । अंधों की लाठी बन सबको घर का रास्ता बताना है ।

**Explanation :** सर्वशक्तिमान् बाप की याद से शक्ति लेनी है ।

**Q.5)** **Match the following**

| | Choice | Match |
|---|---|---|
| A | बाप के संग का रंग लगाओ | बुराईयाँ स्वत :समाप्त हो जायेंगी |
| B | तुम्हारी जब कर्मातीत अवस्था होगी तब विष्णुपुरी में जायेंगे | पास विद् ऑनर होने वाले बच्चे ही कर्मातीत बनते हैं |
| C | तुम अब आशिक हो एक माशूक के | सब भक्त हैं एक भगवान के |
| D | कल्याणकारी बाप और समय का हर सेकण्ड लाभ उठाने वाले | निश्चयबुद्धि , निश्चिन्त |
| E | आज का गीत | बचपन के दिन भुला न देना |

**Q.6)** **इस वाक्य को पूरा करें |सभी उत्तर कुछ न कुछ ठीक हो सकते हैं परन्तु आज की मुरली के अनुसार सबसे सटीक एक उत्तर चुनें -**
**यह फिर किस प्रकार का ज्ञान है! शास्त्र , वेद, उपनिषद् आदि छोड़ दिये, अब रिकार्ड के ऊपर वाणी चलती है! यह भी तुम बच्चो की बुद्धि मे है कि हम बेहद के बाप के बने है, जिससे____ मिलता है | ऐसे बाप को भूलना नहीं है ।**

**A.** अतीन्द्रिय सुख
**B.** बेहद का वर्सा
**C.** 21 जन्मों की बादशाही
**D.** बहुत शक्ति

**Q.7)** **आज की मुरली के अनुसार इनमें से कितने वाक्य सही हैं -(केवल नंबर लिखें- जैसे अगर तीन वाक्य ही सही हैं तो लिखें -3)**

**1. सतयुग में सुख था तो पीस, प्रासपर्टी भी थी।**

**2.वह है ही भगवान फिर सेकण्ड नम्बर में है यह मम्मा बाबा जो अब बैठ बाप से वर्सा ले रहे हैं |**

**3.बाप खुद कहते हैं मुझे प्रकृति का आधार लेना पड़ता है। मै इस तन में प्रवेश करता हूँ। यह तन मैंने अपनी मर्ज़ी से चुना है |**

**4.समझते है कि सन्यासी लोग हमको यह योग सिखलाएँ। वास्तव में वह सिखलाते कुछ भी नहीं हैं।**

**5. 21 जन्मों का पार्ट फिर ऐसे ही बजायेंगे। तुम सभी को अब संपूर्ण क्लीयर नॉलेज मिली है |**

**6.यह जो दिखाते है पाण्डव और कौरवों की युद्ध हुई, यह सब हैं बनावटी बातें।**

- 2
- २

**Explanation :** सतयुग में प्यूरिटी थी तो पीस, प्रासपर्टी भी थी। यहाँ प्यूरिटी नहीं तो पीस प्रासपर्टी भी नहीं। वह है ही भगवान फिर सेकण्ड नम्बर में है लक्ष्मी-नारायण सतयुग के मालिक। बाप खुद कहते हैं मुझे प्रकृति का आधार लेना पड़ता है। मै इस तन मे प्रवेश करता हूँ। यह मेरा मुकर्र तन है। तुमको क्लीयर नॉलेज मिली है सो भी नम्बरवार पुरूषार्थ अनुसार।

**Q.8)** **आज बाबा ने कहा -यही फुरना लगा हुआ है। किस बात का फुरना लगा हुआ है |**
**सभी उत्तर कुछ न कुछ ठीक हो सकते हैं परन्तु आज की मुरली के अनुसार सबसे सटीक एक ही उत्तर चुनें |**

**A.** ○ बाप को याद कर पवित्र बनने की |
**B.** ○ बाप की याद से सुखधाम में ऊँच पद पाने की |
**C.** ○ बाप की याद में रह औरों को ज्ञान समझाने की |
**D.** ◉ बाप की याद से विकर्म विनाश करने की |
**E.** ○ बाप की याद में रहकर संस्कार परिवर्तन करने की |

**F.** ○ बाप की याद में रहकर बुद्धि का ताला खोलने की |

**Explanation :** जानते हो बाप की याद से विकर्म विनाश होगे। यही फुरना लगा हुआ है।

**Q.9)** **आज की मुरली के अनुसार सही वाक्य को चुनें ( उत्तर एक से अधिक भी हो सकते हैं )-**

**A.** ☑ जैसे बाबा का रीइनकारनेशन होता है, वैसे तुम बच्चों का भी रीइनकारनेशन होता है, तुम अवतरित हो।
**B.** ☐ ब्रह्मा द्वारा स्थापना करते फिर जो स्थापना हुई उनकी पालना भी जरूर करेंगे ना। यह सब अच्छी रीति समझाया जाता है, जो समझते है उनको यह ख्याल रहेगा कि हम बहुत ऊँच पद पावें |
**C.** ☑ महारथियो की बाबा महिमा तो करते हैं |
**D.** ☐ चित्रों में दिखातें हैं-ब्रह्मा की नाभी से विष्णु निकला। उन द्वारा बैठ सब शास्त्रों वेदों का राज़ समझाया।
**E.** ☑ अभी तुम समझते हो वह है जिस्मानी डबल हिंसक, तुम हो रूहानी डबल अहिसक। बादशाही लेने के लिए देखो तुम बैठे कैसे हो।

**Explanation :** चित्रो मे दिखाते है-विष्णु की नाभी से ब्रह्मा निकला। उन द्वारा बैठ सब शास्त्रो वेदो का राज समझाया। अभी तुम जानते हो ब्रह्मा सो विष्णु, विष्णु सो ब्रह्मा बनते हैं। ब्रह्मा द्वारा स्थापना करते फिर जो स्थापना हुई उनकी पालना भी जरूर करेंगे ना। यह सब अच्छी रीति समझाया जाता है, जो समझते है उनको यह ख्याल रहेगा कि यह रूहानी नॉलेज कैसे सबको मिलनी चाहिए।

**Q.10)** **इनमें से क्या-क्या ड्रामा प्लान अनुसार होता है ? (उतर एक से अधिक भी हो सकते हैं )**

**A.** ☑ गीतों का सिलेक्शन
**B.** ☑ साधु - संतों की बातों पर लाखों मनुष्यों का चलना
**C.** ☑ बाप को ठिक्कर-भित्तर में कह देना

**Explanation :** मीठे-मीठे सिकीलधे बच्चों ने गीत सुना। ड्रामा प्लैन अनुसार ऐसे-ऐसे गीत सलेक्ट किये हुए हैं। साधू सन्त तो कह देते आत्मा निर्लेप है। बाप समझाते है संस्कार अच्छे वा बुरे आत्मा ही ले जाती है। वह कह देते बस जिधर देखता हूँ सब भगवान ही भगवान हैं। भगवान की ही यह सब लीला है। बिल्कुल ही वाम मार्ग मे गन्दे बन जाते हैं। ऐसे-ऐसे की मत पर भी लाखो मनुष्य चल रहे हैं। यह भी ड्रामा में नूंध है। ऐसे बाप को फिर पत्थर ठिक्कर मे कैसे कह सकते? बाप कहते है यह खेल बना हुआ है। कल्प बाद फिर ऐसा होगा। अब ड्रामा प्लैन अनुसार मैं आया हूँ तुमको समझाने।